गणेश धाम परिसर से लगे रानी तालाब में चला सफाई अभियान

जल संरक्षण का दिया गया संदेश, लोगों ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

हनुमना, 27 मई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड हनुमना की ग्राम पंचायत बरांव स्थित गणेश धाम मंदिर परिसर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत किया गया.

गंगा दशहरा के अवसर पर प्रात: 9:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा गणेश धाम मंदिर से लगे हुए रानी तालाब में सफाई अभियान चलाकर वर्षों से जमीन जलकुंभी आदि निकालकर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया.

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना अभिषेक पांडे, एपीओ हर्षित पांडे, उपयंत्री आर.के. पटेल सहित ग्राम स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. महिला एवं बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, वेटनरी विभाग, जन अभियान परिषद, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए. यह कार्यक्रम जनपद क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाना है. उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बराव की सरपंच विमला देवी कोल, सचिव बृजेश सेन, सह सचिव पूनम मिश्रा, ग्राम प्रस्फुटन समिति बराव के अध्यक्ष केमला पटेल, सचिव मनोज तिवारी, समिति सदस्य, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, आजीविका मिशन ब्लॉक समन्वयक राजकिशोर तिवारी, सीएसी बृजेश त्रिपाठी, जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल, मदनलाल कुशवाहा, नवांकुर संस्था प्रभारी बराव क्रमांक-3 सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया.

जल स्रोतों के संरक्षण संवर्धन का चलाया अभियान

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सेक्टर पिपराही के अंतर्गत आदर्श ग्राम अगरही स्थान शिव मंदिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शिव मंदिर में जलाभिषेक के कलश पूजन किया गया. तदुपरांत जल स्रोत पुनर्जीवन हेतु श्रमदान का कार्य किया गया. ग्राम पंचायत प्रतापगंज के सचिव एवं सहसचिव मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला मऊगंज के मार्गदर्शन के अनुसार नामांकित चयनित संस्था ऋतुराज विकास परिषद समिति द्वारा कार्यक्रम का समापन अल्पाहार के उपरांत किया गया. उक्त कार्यक्रम में निम्न लोगों की उपस्थिति रही प्रतिभा पांडे सचिव दीपक मिश्रा सह सचिव अशोक सिंह ग्राम विकास समिति अगरही केदार गुप्ता राजेश गुप्ता अंकित गुप्ता पंकज शुक्ला रमेश सेन नेहा कोल रीता कोल नीलम कोल रश्मि कोल लक्ष्मी कोल कोमल कोल आदि मौजूद रही.

बाढ़ एवं आपदा से निबटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें : संजय

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 27 मई, जिले में आगामी मानसून के दौरान संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने और सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन बैठक आयोजित की गई.

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल के दौरान संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व से ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने आपदा के समय नागरिकों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविरों के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए नावों, लाइफ जैकेट, जेसीबी और अन्य आवश्यक बचाव उपकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की. जिले के निचले इलाकों और गांवों की पहचान करें जहाँ जलभराव का खतरा सबसे अधिक है. बैठक में आपातकालीन स्थिति में सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिये गये ताकि बिना देरी किए सहायता पहुँचाई जा सके. कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आपदा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में एडीएम पीके पांडेय, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, एसडीम हनुमना राजेश मेहता, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

कभी विंध्य का प्रमुख मार्केट माना जाने वाला हनुमना अपनी दुर्दशा पर बहा रहा है आंसू

नवभारत न्यूज

हनुमना, 27 मई, कभी बिंध्य प्रदेश के व्यवसाय का प्रमुख केंद्र माना जाने वाला हनुमना आज अपनी दुर्दशा पर जहां आंसू बहा रहा है. वहीं नगर से गुजरने वाली पुराना नेशनल हाईवे 135 को फोरलेन सड़क के रूप में निर्माण तो कर दिया गया लेकिन फोरलेन सड़क के दोनों साइड की एक-एक सड़कों पर अतिक्रमण कारियों ने बाकायदा ठेले व फुटपाथ की दुकान लगाकर सड़क को अतिक्रमित कर लिया है.

जिसके चलते जहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है आने जाने वाले वाहनों को निकलना दुबर हो रहा है यहां तक की ग्राहक आकर अपनी दो पहिया वाहन बीच की सड़कों पर खड़ी करने को बाध्य हो रहे हैं. इतना ही नहीं उनके विरुद्ध भी जब यातायात पुलिस चलने करवाई बेचारे ऐसे टू व्हीलर आदि वाले ग्राहकों के विरुद्ध होती है तो उनके मन में भी हनुमना मार्केट के प्रति नफरत की भावना आने लगी है जिससे विशेष कर 84 अंचल के लोग जिनका हनुमान बाजार आवश्यकताओं की पूर्ति का एकमात्र माध्यम है परेशान हो रहे हैं.

हनुमान नगर का चाहे मुख्य सड़क हो या फिर सीधी रोड धर्मशाला व गल्ला मंडी की ओर जाने वाली विभिन्न गलियां हूं उन सभी मार्गो में अतिक्रमण चरम सीमा पर होने के चलते जहां ग्राहक अपनी फोर व्हीलर तो दूर की बात टू व्हीलर भी अगर चाहे कि वह मार्केट में लेकर घुस जाए कहीं खड़ी करके वह सामान खरीद ले तो जिस दुकान दार के द्वार पर वह वहां खड़ा करना चाहता है. वह भी उसे इस कदर दुत्कारते हैं कि वेचारों को अपमानित होकर सोचने पर मजबूर होना पड़ता है कि उनके यहां सामान भी खरीदें और वहां खड़ी करने के नाम पर इनकी गाली गलौज या अपमान भी सहूं. यही कारण है कि आज हनुमना मार्केट का अधिकांश व्यवसाय समाप्त हो चुका है. आसपास के मार्केट जो कभी हनुमान की मार्केट पर आधारित हुआ करते थे खासकर खटखरी प्रतापगढ़ शाहपुर मऊगंज आदि स्वयं में बड़े मार्केट बनते जा रहे हैं और हनुमना का व्यवसाय लगातार पिछड़ता जा रहा है. हनुमना के लगातार पिछड़ेपन होने का प्रमुख कारण यहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाने वाली अपेक्षा भी रही है विशेष कर वैश्य समाज की बस्ती होने के कारण यहां के लोगों ने प्रारंभ से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा जनसंघ वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे.

कभी प्रतिदिन में हजारों बैल गाड़ियां आती थी हनुमना में

उल्लेख करना आवश्यक होगा कि यह वही हनुमना है जिसे बांधवेश महाराज गुलाब सिंह जू देव ने आज से तकरीबन 100 वर्षों पूर्व बसाया था यह नगर व्यापारी बाहुल्य होने से यहां का देसी घी तेंदूपत्ता यहां की चिरौंजी,अमावट, महुआ, लाख आदि देश के बड़े शहरों कोलकाता वाराणसी प्रयागराज मुंबई आदि के साथ ही विदेशों तक में जाना जाता था. हनुमना नगर के प्रसिद्ध छटंकी हलवाई के दुकान की बनी खोवे की जलेबी तथा मंसूर जो एक बार खा लेता था वह उसका दीवाना हो जाता था यही कारण था कि यहां के तेंदूपत्ते लाख तथा मावे आदि के व्यापारियों के माध्यम से यहां की मिठाई विदेश के लोग भी पसंद करते थे.

विंध्य का प्रमुख मार्केट था हनुमना

हनुमना बिना का प्रमुख मार्केटथा यहां सतना रीवा, सीधी, सिंगरौली, आद जिले के व्यापारियों का प्रमुख केंद्र था इतना ही नहीं मिर्जापुर और प्रयागराज तथा वाराणसी तक के व्यापारी यहां अक्सर मार्केटिंग करने आया करते थे. यहां के देसी घी की मंडी में 10 क्विंटल घी के बड़े-बड़े कराहे आकर्षण का केंद्र बना रहा करते थे 15 किलो के टीन के डिब्बो में सुबह से लेकर देर रात तक देसी घी की पैकिंग हनुमान की मंडी में लगातार लेबरों के माध्यम से हुआ करती थी. जिनके बड़े-बड़े बोर्ड बड़े शहरों में लग रहा करते थे कि हनुमना का शुद्ध देसी घी यहां मिलता है आज अपनी दुर्दशा पर वही अपनी ऐतिहासिक विरासत को पीछे छोड़ना यह नगर औनति की ओर जाते हुए आज सुबह रहा है लोग यहां से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं.

वाहन से दुर्घटना होने पर मिलेगी दो लाख की सहायता राशि

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मई, अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति तथा मृतक के निकटतम वारिस को सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है.

नई व्यवस्था के तहत अब अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है, जो पहले मात्र 25 हजार रुपये हुआ करती थी. योजना के तहत दुर्घटना में व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. यह पूरी प्रक्रिया एक विशेष सोलेशियम फंड के माध्यम से संचालित होती है. मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी अब पहले के मुकाबले काफी सरल बनाया गया है.

जनसुनवाई में कलेक्टर ने लोगों की सुनी शिकायतें

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 27 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 85 आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये.

मुन्नीलाल तिवारी के खसरा सुधार व नामांतरण, नक्शा तरमीम की जांच के संबंध में प्राप्त आवेदन को एसडीएम मऊगंज को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया. उन्होंने अतुल साहू निवासी मऊगंज वार्ड 7 के सार्वजनिक हैण्डपंप को अतिक्रमण मुक्त करने के आवेदन पर कार्यपालन यंत्री पीएचई व सीएमओ नगर परिषद को, दिलीप कुमार यादव के खेत के ऊपर से बड़ी विद्युत लाइन को हटाने के आवेदन पर एमपीईबी को, रामबहोर निवासी शाहपुर के राजस्व अभिलेख में सुधार के आवेदन को नायब तहसीलदार शाहपुर को तथा सूर्यमणि द्विवेदी निवासी बरयाकला के विद्युत बिल में सुधार के आवेदन पर एमपीईबी को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये. जनसुनवाई में रामबदन पटेल जुड़मनिया रघुनाथ के षणयंत्र पूर्वक भूमि को दान पत्र रजिस्ट्री कराने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को जांचकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा हर्रहा में बिना सहमति के खदान स्वीकृत न करने के ललिता मौर्य के आवेदन पर खनिज विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया. रामसिया साहू निवासी चक्रमाटी के शासकीय बोर से पानी लेने में प्रतिबंध के संबंध में प्राप्त आवेदन पर सीईओ जनपद मऊगंज को जांच कर कार्यवाही करने तथा हनुमना के पांती मिश्रान टोला में छोलाछाप डॉक्टर द्वारा चिकित्सा करने के राजेश कुमार केवट के आवेदन पर जांच के निर्देश दिये.

गुढ़ विधायक ने किया कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

गुढ़, 27 मई, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुआरी के हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर बहादुर सिंह, वन समिति अध्यक्ष संजीव द्विवेदी एवं जनपद सदस्य रुबी पटेल उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का आयोजन दुआरी सरपंच बृजभान पटेल द्वारा किया गया तथा संचालन शिक्षक शेखर नामदेव ने किया. कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल के उन्नयन एवं हाल निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी गई. विधायक नागेन्द्र सिंह ने मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए संबंधित इंजीनियरों को तत्काल लागत का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए.

इस अवसर पर विद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विधायक द्वारा सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए. साथ ही उपस्थित अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में पूर्व सरपंच काशीनाथ पटेल, पूर्व प्राचार्य उमाशंकर तिवारी, सरपंच शिवेंद्र सिंह, विनय जायसवाल, प्रभारी जनपद सीईओ डॉ. गोविंद नारायण श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, रहीश अग्निहोत्री, रामायण प्रसाद अग्निहोत्री, सच्चितानंद शर्मा, अनिल सिंह, मुद्रिका प्रसाद तिवारी, राजबहोर कुशवाहा, विजय विश्वकर्मा, महिला बाल विकास विभाग की सेक्टर सुपरवाइजर संगीता गुप्ता, अर्चना द्विवेदी, लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रभात तोमर, जगन्नाथ पटेल, रघुनाथ पटेल, रावेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे.

उप स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्रीवाल निर्माण, हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पशु औषधालय दुआरी में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया.

इन निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

राम स्वरोवर गर्ग के घर से राम गोपाल कारपेंटर के घर तक पीसीसी रोड निर्माण, दद्दी बढ़ई के घर से रामनारायण शुक्ला के घर तक पीसीसी रोड निर्माण, श्रीकांत शुक्ला के घर से नवीन अग्निहोत्री के घर तक पीसीसी रोड निर्माण, विष्णुधर द्विवेदी के घर से भूपेंद्र शुक्ल के घर तक पीसीसी रोड निर्माण, यज्ञानिवास पटेल के घर से आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-1 तक पीसीसी रोड निर्माण, रजनीश अग्निहोत्री के घर से राम गरीब नापित के घर तक नाली निर्माण, रामकुमार पटेल के घर से सत्यभान पटेल के घर तक नाली निर्माण एवं उप स्वास्थ्य केंद्र दुआरी तक पेवर ब्लॉक निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया गया.

संजय गांधी अस्पताल के आउटसोर्स कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

छुट्टी और पारिश्रमिक की मांग शामिल

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मई, रीवा के संजय गांधी चिकित्सालय में आउटसोर्स कर्मचारियों ने पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने और अन्य मांगों को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय सांकेतिक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है.

कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी अधिकारी नया पुलिस वेरिफिकेशन जमा होने के बाद ही वेतन देने का अड़ंगा लगा रहे हैं. अस्पताल की व्यवस्थाएं ठप न हों, इसके लिए कर्मचारी फिलहाल हाथों में काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं. लेकिन उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अगले तीन दिनों के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ.

तो वे पूर्ण रूप से काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे. कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों में दो बार अपना वेरिफिकेशन जमा कर चुके हैं. इसके बावजूद नया वेरिफिकेशन मांगा जा रहा है. साथ ही उन्हें राष्ट्रीय पर्वों पर मिलने वाली छुट्टियों का पारिश्रमिक भी नहीं दिया गया है. इस समस्या को लेकर डीन और अस्पताल अधीक्षक को शिकायत की गई.

छात्रों को दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

चाकघाट 27 मई। आईसेक्ट कंप्यूटर एंड एजुकेशन सेंटर चाकघाट में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट के कक्षा दसवीं के छात्रों का 1 मई से आरम्भ ऑन जॉब ट्रेनिंग आज सम्पन्न हो गई।

संस्था के संचालक दीपचंद्र वर्मा जी द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण में बालक चाकघाट के कक्षा दसवीं के आई टी ट्रेड में अध्ययनरत रहे छात्रों को प्राचार्य अजय निगम की अनुमति के पश्चात विद्यालय के आई टी व्यावसायिक प्रशिक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव जी के द्वारा 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए इस संस्था ने लाया गया। संस्था के मुख्य कम्प्यूटर प्रशिक्षक मंगलेश प्रसाद यादव जी एवं अन्य स्टाफ के द्वारा छात्रों को कंप्यूटर बेस्ड ट्रेनिंग जैसे डाटा एंट्री, आफिस वर्क, ऑनलाइन वर्क जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं का फॉर्म भरना, बिजली बिल भरना, समग्र आई डी और आधार कार्ड प्रिंट करना, खसरा नक्शा निकालना, मनी ट्रांसफर जैसे कार्यों की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही छात्रों के भविष्य के संबंध में कैरियर काउंसलिंग की कक्षाएं भी संचालित की गईं। छात्रों ने भी उल्लासपूर्वक प्रशिक्षण को पूर किया। प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य अजय निगम, उपप्राचार्य प्रदीप पाण्डेय, व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी बुद्धिमान प्रसाद मिश्र एवं आई टी प्रशिक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव तथा आईसेक्ट संस्था के संचालक दीपचंद्र वर्मा एवं संस्था के अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

बालक स्कूल के बच्चों को दिया गया ऑन जॉब कौशल विकास का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

चाकघाट 27 मई। सी एच सी चाकघाट में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्रों की 4 मई से आरम्भ ऑन जॉब ट्रेनिंग आज सम्पन्न हो गई।

संस्थाप्रमुख डॉ. नीरज चतुर्वेदी जी द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण में बालक चाकघाट के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के हेल्थकेयर ट्रेड में अध्ययनरत रहे छात्रों को प्राचार्य श्री अजय निगम जी की अनुमति के पश्चात विद्यालय के हेल्थकेयर व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती मंगला परवार जी के द्वारा 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए इस संस्था ने लाया

गया। संस्था के स्टाफ के द्वारा छात्रों को हेल्थकेयर ट्रेड से संबंधित ट्रेनिंग जैसे मेडिकल रिकॉर्ड तैयार करना, ओपीडी, आईपीडी रिकॉर्ड मेंटेन करना, मरीजों की बीपी, शुगर बुखार आदि चेक करना, मरीजों की देखभाल करना इत्यादि कार्यों की ट्रेनिंग दी गई। छात्रों ने भी उल्लासपूर्वक ट्रेनिंग को पूरा किया। ट्रेनिंग उपरांत संस्था द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य श्री अजय निगम, उपप्राचार्य श्री प्रदीप पाण्डेय, व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी श्री बुद्धिमान प्रसाद मिश्र एवं हेल्थकेयर प्रशिक्षक श्रीमती मंगला परवार तथा सी एच सी प्रमुख डॉ. नीरज चतुर्वेदी एवं संस्था के अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

बकरीद त्योहार को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मई, रीवा शहर में आगामी बकरीद त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया. पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह के निर्देश पर सीएसपी रीतु उपाध्याय के नेतृत्व में देर रात शहर के प्रमुख इलाकों में पैदल गश्त और फ्लैग मार्च निकाला गया.

इस दौरान कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा के अलावा संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस टीम ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम नागरिको के साथ व्यापारियों से भी संवाद किया. साथ ही शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया गया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है. इस दौरान नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला, सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह एवं अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा.

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर मिलतें हैं 25 हजार

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मई, सड़क दुर्घटनाओं तथा इनमें होने वाली असमय मौतों को रोकने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

इसके तहत सड़क दुर्घटनाओं की मानीटरिंग तथा तत्परता से राहत और बचाव के लिए ई डॉर पोर्टल शुरू किया गया है.

दुर्घटना पीड़ितों को निर्भय होकर तत्परता से सहायता पहुंचाने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है. इसके लिए लागू राह-वीर योजना से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है. यह योजना मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है. इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाने वाले मददगार व्यक्ति को प्रोत्साहित करना है.